आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 09.10.2023

मुख्य समाचारः—

1— छत्तीसगढ में दो चरणों में होगा विधानसभा चुनाव—सात और सत्रह नवंबर को डाले जाएंगे वोट—तीन दिसंबर को होगी मतगणना—आदर्श आचार संहिता लागू।

2— राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि राज्य के नब्बे विधानसभा क्षेत्रों में चौबीस हजार एक सौ नौ मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

3— भाजपा ने छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की—चौंसठ उम्मीदवारों की इस सूची में तीन सांसदों के नाम भी शामिल।

4— बस्तर संभाग को छोड़कर प्रदेश से मानसून की हुई विदाई।

विस चुनाव—घोषणा

भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों— राजस्थान, मध्यप्रदेश, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इसी के साथ इन राज्यों में आज से ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। छत्तीसगढ में पहले चरण का मतदान सात नवंबर को और दूसरे चरण का मतदान सत्रह नवंबर को होगा। मतगणना के बाद नतीजे तीन दिसंबर को घोषित किए जाएंगे।

चुनाव आयोग के मुताबिक छत्तीसगढ़ में सात नवंबर को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए तेरह अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। इसी दिन से नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जो बीस अक्टूबर तक चलेगी। इक्कीस अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और तेईस अक्टूबर तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे। वहीं, सत्रह नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए इक्कीस अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी। तीस अक्टूबर को नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन है। इकतीस अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। प्रत्याशी दो नवंबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में नब्बे विधानसभा सीट हैं। इनमें से पहले चरण में बीस विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। इनमें बस्तर संभाग की सभी बारह सीटें — अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, जगदलपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा शामिल हैं। इसके अलावा पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी और मोहला—मानपुर में भी पहले चरण में वोट डाले जाएंगे। वहीं, दूसरे चरण में बाकी सत्तर सीटों पर मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने नई दिल्ली में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में आश्वासन दिया कि निर्वाचन आयोग इन पांचों राज्यों में साफ—सुथरे और गड़बड़ियों से मुक्त चुनाव सुनिश्चित करेगा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि सी—विजिल ऐप के माध्यम से कोई भी नागरिक चुनाव से संबंधित किसी भी गडबड़ी की सूचना निर्वाचन आयोग को दे सकता है। प्रत्येक शिकायत पर सौ मिनट के भीतर कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–पत्रकारवार्ता

इस बीच, राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने रायपुर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में बताया कि राज्य में मतदाताओं की संख्या करीब दो करोड़ तीन लाख साठ हजार है। इनमें एक करोड़ एक लाख बीस हजार आठ सौ तीस पुरूष और एक करोड़ दो लाख उनतालीस हजार चार सौ दस महिला मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा तृतीय लिंग समुदाय के सात सौ नब्बे मतदाता हैं। वहीं, सेवा मतदाताओं की संख्या उन्नीस हजार आठ सौ उनतालीस हैं। प्रदेश में सत्रह प्रवासी भारतीय मतदाता भी पंजीकृत हैं। राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि राज्य में सौ वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाताओं की संख्या दो हजार चार सौ बासठ हैं।

श्रीमती कंगाले ने बताया कि राज्य के नब्बे विधानसभा क्षेत्रों में चौबीस हजार एक सौ नौ मतदान केन्द्र हैं। सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता सहायता केन्द्र का निर्माण किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दस संगवारी मतदान केन्द्र बनाए जाएंगे, जिसे महिला मतदान दल द्वारा संचालित किया जाएगा। इसके अलावा पांच आदर्श मतदान केन्द्र और एक–एक दिव्यांग संचालित तथा युवा संचालित मतदान केन्द्र बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केन्द्रो में बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए मतदाता मित्र उपस्थित रहेंगे, जो उनका सहयोग करेंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होते ही संपत्ति विरूपण की कार्रवाई शुरू हो गई है।

भाजपा–उम्मीदवार–01

भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। चौंसठ उम्मीदवारों की इस सूची में तीन सांसदों के नाम भी शामिल हैं। इनमें भरतपुर–सोनहत विधानसभा सीट से केन्द्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह, लोरमी से सांसद और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव और पत्थलगांव से सांसद गोमती साय को प्रत्याशी घोषित किया गया है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह को राजनांदगांव, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल को जांजगीर–चांपा, पद्मश्री अनुज शर्मा को धरसींवा, रायपुर दक्षिण से बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम से राजेश मूणत, रायपुर ग्रामीण से मोतीलाल साहू और रायपुर उत्तर से पुरंदर मिश्रा को उम्मीदवार बनाया गया है।

इसी तरह, मनेन्द्रगढ़ से श्यामबिहारी जायसवाल, बैकुंठपुर से भैयालाल राजवाड़े, सामरी से उधेश्वरी पैंकरा, सीतापुर से रामकुमार टोप्पो, जशपुर से रायमुनी भगत और कुनकुरी से पूर्व सांसद विष्णुदेव साय पार्टी के प्रत्याशी होंगे। वहीं, लैलूंगा से सुनीति राठिया, रायगढ़ से ओ.पी. चौधरी, सारंगढ़ से शिवकुमारी चौहान, रामपुर से ननकीराम कंवर, कटघोरा से प्रेमचंद पटेल, पाली–तानाखार से रामदयाल उइके, कोटा से प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, मुंगेली से पुन्नूलाल मोहले, तखतपुर से धर्मजीत सिंह, बिल्हा से धरमलाल कौशिक, बिलासपुर से अमर अग्रवाल, मस्तूरी से डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी और अकलतरा से सौरभ सिंह को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

भाजपा–उम्मीदवार–02

इसके अलावा, सक्ती से खिलावन साहू, चन्द्रपुर से रानी संयोगिता सिंह जूदेव, जैजेपुर से कृष्णकांत चन्द्र, पामगढ़ से संतोष लहरे, बसना से संपत अग्रवाल, महासमुंद से योगेश्वर राजू सिन्हा, बिलाईगढ़ से डॉक्टर दिनेश लाल जांगड़े, बलौदाबाजार से टंकराम वर्मा, भाटापारा से शिवरतन शर्मा, आरंग से गुरू खुशवंत सिंह और बिंद्रानवागढ़ से गोवर्धन राम मांझी को प्रत्याशी घोषित किया गया है। इसी तरह, कुरूद से अजय चंद्राकर, धमतरी से रंजना साहू, संजारी बालोद से राकेश यादव, गुंडरदेही से विरेन्द्र कुमार साहू, दुर्ग ग्रामीण से ललित चन्द्राकर, दुर्ग

शहर से गजेन्द्र यादव, भिलाई नगर से प्रेमप्रकाश पांडेय, वैशाली नगर से रिकेश सेन, अहिवारा से डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, साजा से ईश्वर साहू और नवागढ़ से दयालदास बघेल को उम्मीदवार बनाया गया है।

इसके अलावा, कवर्धा से विजय शर्मा, डोंगरगढ़ से विनोद खांडेकर, डोंगरगांव से भरतलाल वर्मा, अंतागढ़ से विक्रम उसेंडी, भानुप्रतापपुर से गौतम उइके, केशकाल से नीलकंठ टेकाम, कोंडागांव से लता उसेंडी, नारायणपुर से केदार कश्यप, जगदलपुर से किरण सिंहदेव, चित्रकोट से विनायक गोयल, दंतेवाड़ा से चेतराम आरामी, बीजापुर से महेश गागड़ा और कोंटा से सोयम मुका को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

गौरतलब है कि भाजपा इक्कीस प्रत्याशियों की सूची पहले ही जारी कर चुकी है। इसे मिलाकर अब वह नब्बे में से पच्यासी विधानसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुकी है। इनमें चार सांसदों को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं, पांच विधानसभा सीटें– पंडरिया, बेमेतरा, अंबिकापुर, बेलतरा और कसडोल में भाजपा प्रत्याशियों की घोषणा होना बाकी है।

बैनर–पोस्टर–कार्रवाई

प्रदेश में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद सभी नगरीय निकाय और ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए गए राजनीतिक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के होर्डिंग्स–पोस्टर और बैनर हटाने की कार्रवाई की जा रही है। राजधानी रायपुर सहित कोंडागांव, मुंगेली और जांजगीर–चांपा में आज दोपहर बाद से ही बैनर–पोस्टर और होर्डिंग्स हटाए जा रहे हैं।

उधर, कोंडागांव कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में धारा एक सौ चवालीस लागू कर दी है। कलेक्टर ने बताया कि विधानसभा चुनाव को शांति पूर्ण संपन्न कराने और मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का बिना किसी भय और दबाव के प्रयोग किए जाने के लिए जिले में शांति बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान जिले में कानून व्यवस्था को नियंत्रित किए जाने और सुरक्षा के मद्देनजर धारा एक सौ चवालीस के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया गया है।

राष्ट्रीय डाक सप्ताह

आज विश्व डाक दिवस है। इस मौके पर भारतीय डाक विभाग राष्ट्रीय डाक सप्ताह उत्सव मना रहा है। तेरह अक्टूबर तक चलने वाले इस डाक सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत सभी प्रमुख डाक कार्यालयों और विभागीय डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बैनर–पोस्टर का प्रदर्शन किया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में बस्तर संभाग को छोड़कर मानसून की विदाई हो गई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक दक्षिण–पश्चिम मानसून की छत्तीसगढ़ सहित पूर्वी उत्तरप्रदेश, पूर्वी मध्यप्रदेश, झारखंड, तेलंगाना, बिहार के कुछ भाग और उत्तर अंदरूनी कर्नाटक तथा महाराष्ट्र के अधिकांश भाग और मध्य अरब सागर के कुछ भाग से आज विदाई हो गई। प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><>